Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to make Mahisagar river in Anand, Gujarat, pollution free.

श्री मितेष रमेशभाई पटेल (बकाभाई) (आनंद): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र आनन्द में स्थित महिसागर नदी की गन्दगी की सफाई करने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ पौराणिक कथाओं से जुड़ी इस नदी में हमारे जनपद और आस-पास के लोग दूर-दूर से आकर स्नान करना अपना सौभाग्य समझते हैं । धार्मिक दृष्टि से ओतप्रोत लोग इसके गन्दे पानी में मजबूरी में ही स्नान किया करते हैं । हमारी सरकार देश की नदियों की सफाई करने के लिए बड़ी ही तन्मयता से काम कर रही है किन्तु अभी तक देश में स्थित सभी नदियों की सफाई नहीं हो पाई है जिनमें एक हमारे क्षेत्र की महिसागर नदी भी है । फलस्वरूप वहां के लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है । उक्त कारण से नदी के आस-पास रहने वाले लोग परेशानी का अनुभव कर रहे हैं तथा लोगों में जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है । मेरे विचार से जन आक्रोश विकराल रूप न ले उससे पूर्व महिसागर नदी की सफाई शुरू हो जानी चाहिए ।

अतः वहां पर व्याप्त जन आकोश को देखते हुए मेरा माननीय जलशक्ति मंत्री से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित महिसागर नदी की सफाई का काम उच्च वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब कराने की कृपा करें ताकि वहां के लोगों में उत्पन्न जन आक्रोश समाप्त हो जाए और लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो जाए ।